सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-432
09/10/2016

मुख्यमंत्री ने राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए मॉ भगवती शीतला माता, बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी की पूजा अर्चना की

पटना, 09 अक्टूबर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवरात्रा पर्व के महाअष्टमी के दिन अगम कुऑ स्थित शीतला माता मंदिर जाकर मॉ शीतला देवी, पटनासिटी स्थित बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी की पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोचार के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मॉ शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख समृद्धि, शांति, उन्नति एवं प्रगति की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मारूफगंज स्थित श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जी जाकर मॉ भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के साथ सांसद श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिला पदाधिकारी पटना श्री संजय कुमार अग्रवाल, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना श्री मनु महाराज सहित गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

******